**Terms of Reference Lead Consultant**
**IT DIVISION**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) is a technical support institution under the National Health Mission (NHM), Ministry of Health & Family Welfare. NHSRC works closely with the MoHFW and the States for Health Systems strengthening and supporting the implementation of other interventions under the NHM. Work at the NHSRC is organized around Eight divisions, namely – Community Processes & Comprehensive Primary Health Care, Information Technology, Healthcare Financing, Healthcare Technology, Human Resources, Knowledge Management, Public Health Administration and Quality & Patient Safety.

IT Division at the National Health Systems Resource Centre (NHSRC) is a vital component of the organization, supporting the Ministry of Health and Family Welfare (MoHFW) and the National Health Mission (NHM) in their mission to enhance public health across India. With a steadfast commitment to advancing healthcare through technology, the IT Division plays a pivotal role in promoting efficient and effective information management systems and provide Policy support.

At the heart of its mandate is policy & state coordination, as the IT Division collaborates closely with various state health departments and stakeholders to ensure seamless integration and support for critical portals. the IT Division at NHSRC, drives transformative change in the realm of public health IT for MoHFW. Through state coordination and support, along with the seamless integration of key portals such as National NCD Portal, AB-AAM, SaQsham, SASHAKT, Mobile Medical Unit Portal- PM JANMANN, NHInP and saturation campaign initiatives like Ayushman Arogya Shivir (AAM & CHC) , Ayushman Bhav, VBSY, SNSPA the division is at the forefront of harnessing technology to strengthen healthcare systems and promote the well-being of all citizens.

By providing technical expertise and facilitating coordination, the IT Division empowers states to leverage these portals effectively, enabling data-driven decision-making and efficient healthcare delivery through safe and secure systems.

The IT Division also prioritizes public health needs, aligning its efforts with the MoHFW's vision of comprehensive healthcare for all. Through innovative solutions and the adoption of emerging technologies, the division works towards strengthening public health systems at the national and state levels. This involves leveraging digital platforms, data analytics, and interoperable systems to support public health programs, improve monitoring and evaluation, and enhance information exchange.

Furthermore, the IT Division plays a crucial role in designing, implementing & integrating information systems that enable efficient data collection, analysis, and reporting. By harnessing the power of technology, the division facilitates evidence-based decision-

making and empowers healthcare providers, policymakers, and researchers with accurate and timely information. The Position reports to the Advisor for IT and Integrated Planning and is on a Contractual basis.

**Roles & Responsibilities**:
As a Lead Consultant within the IT Division of NHSRC, you serve as a critical pillar for digital and technological advancement. You will play a pivotal role in shaping, driving, and delivering strategic digital products and technology solutions nationwide. This senior leadership position is directly accountable for product lifecycles, project implementations, and the technical transformation of the national Community Health platform. You will lead and mentor a high-performing division consisting of Consultants, Senior Consultants, and Delivery Leads, ensuring that local project delivery aligns cleanly with broader organizational objectives.

**Key Responsibilities & Functional Duties**

- **Technology Leadership:** Enable the IT Division and the Ministry of Health and Family Welfare (MoHFW) in utilizing advanced technology. Establish robust monitoring, tracking, and review ecosystems to maximize public health program efficiency.

- **Project & Delivery Management:** Define project scopes, timelines, milestones, budgets, and success metrics. Own delivery frameworks and maintain delivery velocity using Agile, Lean, or traditional project methodologies.

- **Operational Governance & Compliance:** Formulate standard operating procedures (SOPs), service level agreements (SLAs), and internal divisional policies. Maintain security standards and address mitigation pathways.

- **Incident Management & Coordination:** Centralize command during business-critical system incidents. Direct cross-functional teams including engineering, infrastructure, security, QA, support, and business divisions for rapid resolution.

- **Data Analysis & Strategic Reporting:** Evaluate large-scale field-visit data, Health Management Information Systems (HMIS) metrics, and quarterly progress reports to isolate bottlenecks and recommend data-driven workflows.

- **Stakeholder Alignment & Partnership:** Cultivate long-term engagement with global product owners, government agencies, and non-governmental entities to align organizational work plans, budgets, and Monitoring & Evaluation (M&E) systems.

- **State Program Assessment:** Systematically review Annual Program Implementation Plans (PIPs) submitted by individual States and Union Territories, returning precise structural feedback to maximize budgetary efficiency.

- **Capacity Building & Knowledge Management:** Design interactive, technology-centric training frameworks to cultivate state-level talent. Document operational best

practices and field innovations to facilitate nationwide horizontal scaling.

**Role Requirements**

**Essential Qualifications & Experience:**

- Proven track record delivering technical workflows within Agile and iterative environments.
- Excellent stakeholder management experience working alongside senior ministry leadership, PMO leads, and external technical suppliers.
- Proficiency in formal project planning applications including MS Project, Jira, or equivalent frameworks.
- Excellent written and verbal presentation skills with mastery over MS Word, Excel, and PowerPoint architectures.
- Demonstrated experience building, structuralizing, and mentoring Communities of Practice focused on delivery excellence.

**Desirable Competencies:**

- Experience managing distributed or remote development teams within highly collaborative, cross-functional projects.
- Balanced project delivery background across infrastructure-heavy frameworks and product-led software initiatives.
- High adaptability with a proven ability to prioritize tasks dynamic, rapidly evolving conditions.

**Qualification & Experience:**

***Only full-time regular bachelor΄s degrees (minimum 3 years) and full-time regular Postgraduate qualifications (minimum 2 years), wherever applicable, shall be considered. Diploma, Certificate, Executive programmes, and qualifications obtained through distance, online, part-time, correspondence mode, etc shall not be considered. Only post-qualification experience shall be counted.***

For achieving above-mentioned deliverables, the applicant is expected to possess following qualifications & experience –

**Essential Qualification – (Regular/Full-time Qualifications only)**

- B.E. (Computer Science/ IT) /B.TECH (Computer Science/ IT)/BCA/ B.Sc. (IT) along with M.Tech ( Computer Science / IT ) / MCA /MSc (Computer Science ) /MBA or equivalent

**Experience:**

**Essential**

- Overall 10+ years of work experience managing delivery of enterprise-scale IT programs, Stakeholder Management, Operations management, User experience optimization and executive reporting.
- Strong understanding of Technology solutions, User experience strategies, IT service

management processes and tools.

- Proven leadership experience in a senior management role, with the ability to lead cross-functional teams and drive operational excellence.
- Strong analytical skills, with the ability to interpret data, trends, and forecasts to make informed decisions and recommendations.
- Excellent communication and interpersonal skills, with the ability to collaborate effectively with diverse stakeholders.

**Desirable**

- Experience in public health / community health at national level
- Experience in working with large scale government projects
- PMP, PRINCE2, Six Sigma, Scrum Master, ITIL etc.
- Design thinking and user experience management
- Familiarity with ITSM and support tools such as Jira.

**Written Test Condition: If the recruitment process includes a written test, a minimum qualifying mark will be 70%. In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.**

**Age Limit**: 55 years & below. (As on last date of receiving applications)

**Work Location**: New Delhi; Opportunity to gain hands-on experience of public health canvas of states and districts.

Travel to states and districts will be involved.

**Remuneration Range**: Between Rs. 1,30,000/- to Rs. 1,70,000/-

*__*Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.*__*

**Other Benefits:** In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract:** Contract till 31st March 2028 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance) Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at an appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is 22nd September 2026.

**संदर्भ की शर्तें – प्रमुख सलाहकार**

**सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) की एक तकनीकी सहायता प्रदान करने वाली संस्था है। NHSRC स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत अन्य हस्तक्षेपों के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राज्य सरकारों के साथ निकट समन्वय में कार्य करता है। NHSRC में कार्यों का संचालन आठ प्रभागों के माध्यम से किया जाता है, अर्थात्— सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य वित्तपोषण, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, ज्ञान प्रबंधन, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन तथा गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) का सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग संस्था का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो पूरे भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) को सहयोग प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ाने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग प्रभावी एवं दक्ष सूचना प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ावा देने तथा नीतिगत सहयोग प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रभाग के प्रमुख दायित्वों में नीति एवं राज्य समन्वय शामिल हैं। इसके अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग विभिन्न राज्य स्वास्थ्य विभागों एवं हितधारकों के साथ निकट समन्वय में कार्य करता है, ताकि महत्वपूर्ण पोर्टलों का सुचारु एकीकरण एवं प्रभावी सहयोग सुनिश्चित किया जा सके। NHSRC का सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में परिवर्तनकारी कार्य को आगे बढ़ाता है। राज्य समन्वय एवं सहयोग के साथ-साथ राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग पोर्टल, AB-AAM, साक्षम, सशक्त, मोबाइल मेडिकल यूनिट पोर्टल–पीएम जनमन, NHInP जैसे प्रमुख पोर्टलों तथा आयुष्मान आरोग्य शिविर (AAM एवं CHC), आयुष्मान भव, VBSY, SNSPA जैसी संतृप्ति अभियान पहलों के निर्बाध एकीकरण के माध्यम से यह प्रभाग स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने एवं सभी नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग में अग्रणी भूमिका निभाता है।

तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने एवं समन्वय को सुगम बनाने के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग राज्यों को इन पोर्टलों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम बनाता है, जिससे डेटा-आधारित निर्णय लेने तथा सुरक्षित एवं संरक्षित प्रणालियों के माध्यम से दक्ष स्वास्थ्य सेवा प्रदाय को बढ़ावा मिलता है।

सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग सार्वजनिक स्वास्थ्य की आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता देता है और अपने प्रयासों को सभी के लिए व्यापक स्वास्थ्य देखभाल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दृष्टिकोण के अनुरूप रखता है। नवाचारी समाधानों एवं उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाकर प्रभाग राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सहयोग प्रदान करने, निगरानी एवं मूल्यांकन में सुधार करने तथा सूचना के आदान-प्रदान को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, डेटा विश्लेषण एवं अंतर-संचालनीय प्रणालियों का उपयोग शामिल है।

इसके अतिरिक्त, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग ऐसी सूचना प्रणालियों के डिज़ाइन, क्रियान्वयन एवं एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो डेटा के प्रभावी संग्रहण, विश्लेषण एवं प्रतिवेदन को सक्षम बनाती हैं। प्रौद्योगिकी की क्षमता का उपयोग करते हुए प्रभाग साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुगम बनाता है तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, नीति-निर्माताओं एवं शोधकर्ताओं को सटीक एवं समयबद्ध जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करता है।

**यह पद सूचना प्रौद्योगिकी एवं एकीकृत योजना के परामर्शदाता (एडवाइजर) को प्रतिवेदित करेगा तथा संविदा के आधार पर होगा।**

**कर्तव्य एवं दायित्व** :

NHSRC के सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग में प्रमुख सलाहकार के रूप में आप डिजिटल एवं तकनीकी उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिका निभाएंगे। आप देशव्यापी स्तर पर रणनीतिक डिजिटल उत्पादों एवं प्रौद्योगिकी समाधानों की रूपरेखा तैयार करने, उन्हें आगे बढ़ाने तथा सफलतापूर्वक लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह वरिष्ठ नेतृत्वकारी पद उत्पादों के संपूर्ण जीवनचक्र, परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा राष्ट्रीय सामुदायिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म के तकनीकी रूपांतरण के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी होगा। आप सलाहकारों, वरिष्ठ सलाहकारों एवं परियोजना क्रियान्वयन प्रमुखों की एक उच्च प्रदर्शन करने वाली टीम का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थानीय स्तर पर परियोजनाओं का क्रियान्वयन व्यापक संगठनात्मक उद्देश्यों के अनुरूप हो।

**प्रमुख दायित्व एवं कार्यात्मक कर्तव्य**

- **प्रौद्योगिकी नेतृत्व :** उन्नत प्रौद्योगिकी के उपयोग में सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) को सक्षम बनाना। सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की दक्षता को अधिकतम करने के लिए सुदृढ़ निगरानी, अनुश्रवण एवं समीक्षा प्रणाली विकसित करना।

- **परियोजना एवं क्रियान्वयन प्रबंधन :** परियोजनाओं के दायरे, समय-सीमा, प्रमुख चरणों, बजट एवं सफलता के मानदंड निर्धारित करना। चुस्त , लीन अथवा पारंपरिक परियोजना प्रबंधन पद्धतियों का उपयोग करते हुए क्रियान्वयन की रूपरेखा निर्धारित करना तथा क्रियान्वयन की गति बनाए रखना।

- **परिचालन शासन एवं अनुपालन :** मानक संचालन प्रक्रियाएँ, सेवा-स्तर समझौते तथा प्रभाग की आंतरिक नीतियाँ तैयार करना। सुरक्षा मानकों को बनाए रखना तथा जोखिम न्यूनीकरण के उपाय सुनिश्चित करना।

- **घटना प्रबंधन एवं समन्वय :** व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण प्रणाली संबंधी घटनाओं के दौरान केंद्रीकृत नियंत्रण एवं समन्वय सुनिश्चित करना। त्वरित समाधान हेतु इंजीनियरिंग, अवसंरचना, सुरक्षा, गुणवत्ता आश्वासन, सहायता एवं व्यवसाय संबंधी प्रभागों सहित विभिन्न कार्यात्मक टीमों का निर्देशन करना।

- **डेटा विश्लेषण एवं रणनीतिक प्रतिवेदन :** क्षेत्रीय भ्रमण से प्राप्त बड़े पैमाने के डेटा, स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के संकेतकों तथा त्रैमासिक प्रगति प्रतिवेदनों का मूल्यांकन कर प्रमुख बाधाओं की पहचान करना एवं डेटा-आधारित कार्यप्रवाहों की अनुशंसा करना।

- **हितधारक समन्वय एवं साझेदारी :** वैश्विक उत्पाद स्वामियों, सरकारी संस्थाओं एवं गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ दीर्घकालिक समन्वय एवं सहभागिता विकसित करना, ताकि संगठन की कार्ययोजनाओं, बजट एवं निगरानी एवं मूल्यांकन प्रणालियों में समुचित समन्वय सुनिश्चित किया जा सके।

- **राज्य कार्यक्रम मूल्यांकन :** राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं की व्यवस्थित समीक्षा करना तथा बजटीय दक्षता को अधिकतम करने के लिए सटीक एवं संरचित सुझाव प्रदान करना।

- **क्षमता निर्माण एवं ज्ञान प्रबंधन :** राज्य स्तर पर प्रतिभाओं एवं दक्षताओं के विकास हेतु परस्पर संवादात्मक एवं प्रौद्योगिकी-केंद्रित प्रशिक्षण रूपरेखाएँ तैयार करना। देशव्यापी स्तर पर प्रभावी विस्तार एवं अनुप्रयोग को सुगम बनाने के लिए परिचालन की सर्वोत्तम कार्य-पद्धतियों एवं क्षेत्रीय नवाचारों का दस्तावेजीकरण करना।

**पद हेतु अपेक्षित योग्यताएँ**

***अनिवार्य योग्यताएँ एवं अनुभव :***

- चुस्त एवं पुनरावृत्तिमूलक कार्य परिवेश में तकनीकी कार्यप्रवाहों के सफल क्रियान्वयन का सिद्ध अनुभव।

- मंत्रालय के वरिष्ठ नेतृत्व, पीएमओ के प्रमुख अधिकारियों एवं बाह्य तकनीकी सेवा प्रदाताओं के साथ कार्य करने का उत्कृष्ट हितधारक प्रबंधन अनुभव।

- एमएस प्रोजेक्ट, जिरा अथवा समकक्ष परियोजना नियोजन प्रणालियों सहित औपचारिक परियोजना नियोजन अनुप्रयोगों में दक्षता।

- एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल एवं एमएस पावरपॉइंट के प्रभावी उपयोग सहित उत्कृष्ट लिखित एवं मौखिक प्रस्तुतीकरण कौशल।

- क्रियान्वयन उत्कृष्टता पर केंद्रित प्रैक्टिस समुदायों के गठन, संरचनाकरण एवं मार्गदर्शन का सिद्ध अनुभव।

***वांछनीय दक्षताएँ:***

- अत्यधिक सहयोगात्मक एवं बहु-विषयक परियोजनाओं में वितरित अथवा दूरस्थ विकास टीमों के प्रबंधन का अनुभव।

- अवसंरचना-केंद्रित प्रणालियों एवं उत्पाद-केंद्रित सॉफ्टवेयर पहलों, दोनों में परियोजना क्रियान्वयन का संतुलित अनुभव।

- गतिशील एवं तीव्र गति से बदलती परिस्थितियों में कार्यों को प्राथमिकता देने तथा उच्च अनुकूलन क्षमता का सिद्ध अनुभव।

**योग्यता एवं अनुभव :**

केवल पूर्णकालिक नियमित स्नातक उपाधियाँ (न्यूनतम 03 वर्ष) तथा जहाँ लागू हो, पूर्णकालिक नियमित स्नातकोत्तर योग्यताएँ (न्यूनतम 02 वर्ष) ही मान्य होंगी। डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र, एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम तथा दूरस्थ, ऑनलाइन, अंशकालिक, पत्राचार अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त योग्यताओं पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल उपरांत योग्यता कार्य अनुभव की गणना की जाएगी।

उपर्युक्त दायित्वों के प्रभावी निर्वहन हेतु अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित योग्यताएँ एवं अनुभव अपेक्षित हैं—

**अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता – केवल नियमित / पूर्णकालिक योग्यताएँ :**

कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी में बी.ई. / कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी में बी.टेक / बीसीए / आईटी में बीएससी के साथ कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी में एम.टेक / एमसीए / कंप्यूटर विज्ञान में एमएससी / एमबीए अथवा समकक्ष योग्यता।

***अनुभव :***

**अनिवार्य :**

- एंटरप्राइज स्तर के बड़े पैमाने के सूचना प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, हितधारक प्रबंधन, परिचालन प्रबंधन, उपयोगकर्ता अनुभव अनुकूलन एवं वरिष्ठ प्रबंधन के लिए प्रतिवेदन तैयार करने में कुल 10 वर्ष या उससे अधिक का कार्य अनुभव।
- प्रौद्योगिकी समाधानों, उपयोगकर्ता अनुभव रणनीतियों, सूचना प्रौद्योगिकी सेवा प्रबंधन प्रक्रियाओं एवं उपकरणों की सुदृढ़ समझ।
- वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर नेतृत्व का सिद्ध अनुभव तथा बहु-विषयक टीमों का नेतृत्व करने एवं परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की क्षमता।
- सुदृढ़ विश्लेषणात्मक कौशल तथा डेटा, प्रवृत्तियों एवं पूर्वानुमानों की व्याख्या कर सूचित निर्णय एवं सुझाव देने की क्षमता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं पारस्परिक कौशल तथा विभिन्न हितधारकों के साथ प्रभावी समन्वय की क्षमता।

**वांछनीय :**

- राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य / सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव।
- बड़े पैमाने की सरकारी परियोजनाओं के साथ कार्य करने का अनुभव।
- पीएमपी, प्रिंस2, सिक्स सिग्मा, स्क्रम मास्टर, आईटीआईएल आदि में प्रमाणन / अनुभव।
- डिज़ाइन थिंकिंग एवं उपयोगकर्ता अनुभव प्रबंधन का ज्ञान।
- आईटीएसएम तथा जिरा जैसे सहायता एवं सेवा प्रबंधन उपकरणों की जानकारी।

**लिखित परीक्षा संबंधी शर्त :**

यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है, तो न्यूनतम अर्हता अंक 70% होंगे। यदि 02 या अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों को विचारार्थ शामिल किया जाएगा।

**आयु-सीमा :**

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार 55 वर्ष या उससे कम।

**कार्य-स्थल :**

**नई दिल्ली**; राज्यों एवं जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर।

राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

**पारिश्रमिक सीमा :**

₹1,30,000/- से ₹1,70,000/- प्रति माह।

*इस सीमा के भीतर पारिश्रमिक अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा।*

**अन्य लाभ :**

उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, NHSRC के सलाहकारों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति *(NHSRC की नीति के अनुसार)*, 30 दिवस का समेकित

अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, प्रदर्शन आधारित वेतन वृद्धि तथा आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि :**

अनुबंध 31 मार्च 2028 तक होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में समान अवधि के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

इस साक्षात्कार के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल-समुच्चय एवं उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों के लिए भी विचारार्थ लिया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन-पत्र को सही ढंग से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 22nd September 2026 होगी।